आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 11.01.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान शासन को सीधे जनता के बीच ले जाने का प्रभावी प्रयास बन रहा है।
- परीक्षा पे चर्चा के लिए पिछले वर्ष के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को पार करते हुए इस वर्ष चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हुए।
- देहरादून में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत एआइ आधारित ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे।
- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी का दशम दीक्षांत समारोह कल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार

प्रदेश में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान शासन को सीधे जनता के बीच ले जाने का एक विस्तृत और प्रभावी प्रयास बन रहा है। यह अभियान 45 दिनों तक सभी 13 जिलों में न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविरों के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस दौरान सैंकड़ों शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं भी अनेक जगहों पर जाकर जनसेवा के इस अभियान का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।

परीक्षा पे चर्चा

इस वर्ष प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक 4 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ 56 लाख के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को पार कर चुका है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि यह पहल वार्षिक संवाद कार्यक्रम से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का तनाव दूर करने का राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन का लाभ उठाने को कहा है। इस वर्ष के लिए पंजीकरण 1 दिसम्बर, 2025 से शुरू हो चुका है। माई जीओवी पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, भाग लेने वाले विद्यार्थियों की भारी संख्या कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता तथा परीक्षा का तनाव दूर करने और शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में इसकी कारगर भूमिका का प्रमाण है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन करता है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पढ़ाई–लिखाई के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास के बारे में प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने का अवसर मिलता है। शिक्षा मंत्रालय ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने को कहा है।

संचार मंत्री

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल भारतीय डाक की दो नई सेवाओं– स्पीड पोस्ट 24 और स्पीड पोस्ट 48 की घोषणा की। ये सेवाएं 24 और 48 घंटे में डाक और दस्तावेजों को सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। श्री सिंधिया ने मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले के पिछोर में यह घोषणा की। यह डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संचार मंत्री ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि स्पीड पोस्ट 24 के तहत चौबीस घंटे में स्पीड पोस्ट का डॉक्यूमेंट घर तक पहुंच जाएगा और स्पीड पोस्ट 48 सेवा के अंतर्गत 48 घंटे में गंतव्य तक डॉक्यूमेंट पहुंचेगा।

हरिद्वार

हरिद्वार जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और इसका असर धरातल पर नजर भी आ रहा है। आपको बता दें कि जिलाधिकारी ने जिले को साफ स्वच्छ बनाने के लिए नव वर्ष के अवसर पर महा सफाई अभियान शुरू किया है, जिसमें आमजन के साथ ही धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधि और स्वयंसेवी संगठनों से योगदान की अपील की गई है।

देहरादून

देहरादून में बढ़ते यातायात और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए अब यातायात व्यवस्था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हवाले की जा रही है। स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत एआइ आधारित ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करते ही वाहन चालकों का आनलाइन चालान स्वतः ही कटकर वाहन स्वामी के रजिस्टर्ड मोबाइल पर आ जाएगा।

जल्द ही राजधानी में ट्रायल के तौर पर सिस्टम शुरू किया जाएगा। यातायात प्रबंधन के लिए इस समय पुलिस की ओर से रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन और स्पीड वायलेशन डिटेक्शन कैमरे लगाए गए हैं, जोकि रेड लाइट जंप एवं ओवर स्पीड वायलेशन के आनलाइन चालान करते हैं। यातायात पुलिस की ओर से जल्द राजधानी देहरादून के तिराहों–चौराहों पर ट्रायल शुरू किया जाएगा। देहरादून के यातायात पुलिस उपाधीक्षक जगदीश चंद्र ने कहा कि इसको लेकर विभाग के द्वारा अभी टेंडर निकाले जाएंगे और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी का दशम दीक्षांत समारोह कल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने दी। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय का दशम दीक्षांत समारोह है, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024–25 में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक तथा विभिन्न प्रायोजित एवं स्मृति पदकों से सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्य के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

रूद्रप्रयाग

रूद्रप्रयाग जिले के बचणस्यूं पट्टी के बैरागना में चार–दिवसीय बचणस्यूं महोत्सव कृषि औद्योगिक एवं विकास मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न सरकारी स्टॉलों के जरिये सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रसार प्रसार किया जा रहा है। मेयर आरती भंडारी ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचल में बचणस्यूं महोत्सव का आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच देने का काम कर रहा है। साथ ही जो महिलायें घर गृहस्थी में उलझी रहती थी, उन्हें भी अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिल रहा है। बचणस्यूं महोत्सव में मेला समिति द्वारा स्थानीय ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है ताकि क्षेत्र के कलाकारों को आगे आने का मौका मिले। मेला समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र जोशी का कहना है कि वर्ष 2018 में मेले का शुभारंभ हुआ था, जिसके बाद से लगातार स्थानीय कलाकारों, महिलाओं, बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए मेले का आयोजन किया जाता रहा है।

रामलीला

देहरादून के डोभालवाला में मातृशक्ति रामलीला कमेटी द्रोणनगरी के सौजन्य से पहली बार महिलाओं द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय महिलाओं के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है।

रामलीला में राम, लक्ष्मण, भरत, मेघनाथ और रावण का किरदार निभा रही महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहली बार मंच पर आकर इतने सारे लोगों के सामने रामलीला करना बहुत ही बेहतरीन अनुभव है। उन्होंने कहा कि इन कुछ ही दिनों में रामलीला में किरदार निभाते निभाते हमारा व्यवहार बदलकर शानदार हो गया ळें

आग से नुकसान

उत्तरकाशी के खरसाली गांव में आधी रात एक आवासीय भवन में आग लगने की सूचना है। जानकारी के अनुसार, रविवार आधी रात को स्थानीय निवासी सुनील लाल के रसोईघर में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।